प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 रविवार दिनांक 30.08.2025

मुख्य समाचारः—

- मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना से पैंतीस लाख महिलाओं को मिला लाभ—मिशन शक्तिसैट और नशा मुक्त भारत अभियान का भी किया उल्लेख।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज नारी शक्ति सम्मान समारोह में हुए शामिल—विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को किया सम्मानित।

- सुकमा, नारायणपुर और बीजापुर जिलों में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा डंप किए गए हथियार और विस्फोटक बरामद किए।

- मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज श्री मोदी ने कहा कि बहुत सारे लोग और विशेषकर युवा बड़ी संख्या में नशा मुक्त युवा और नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों से नशा मुक्त भारत के लिए प्रभावशाली नारा तैयार करने और युवा संगीतकारों से ऐसे गीत बनाने को कहा जो नशा मुक्त जीवन का संदेश दें।

नशा मुक्त भारत के लिए क्या आप कोई पावरफुल स्लोगन बना सकते हैं? क्या हमारे यंग म्यूजीशियन, ऐसे शांग्स बना सकते हैं, जिनमें ड्रग फ्री लाइफ का मैसेज हो? क्या स्टूडेंट्स और थीऐटर ग्रुप दिल को छू लेने वाले सार्ट प्लेज लिख सकते हैं जिनमें ड्रग्स के खतरों के साथ–साथ उनसे बाहर निकलने का रास्ता भी हो। हमारे देश में बेहतरीन कंटेंट क्रिएटर्स की कमी नहीं हैं। मेरा आग्रह है कि वे अलग–अलग भाषाओं में ऐसा कंटेंट बनाएं जिससे इस दिशा में समाज को मदद मिले।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को नई शक्ति प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि देशभर में लगभग पैंतीस लाख महिलाएं इस योजना से जुड़कर अपने कारोबार को आगे बढ़ा रही हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज देश की बेटियों के सपनों की उड़ान अंतरिक्ष तक पहुंच रही है।

आज हमारी बेटियों के सपनों की उड़ान, धरती से निकलकर अंतरिक्ष तक पहुंच रही है और आपको यह जानकर गर्व होगा कि भारत, ऐसे सपने देखने वाली दुनिया की हजारों बेटियों को एक साथ जोड़ रहा है। इस प्रयास का नाम है मिशन शक्ति सेट। इसके माध्यम से 108 देशों की 12 हजार छात्राओं को सेटलाइट टेक्नोलॉजी सीखने और इंनोवेशन के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा ळें

मन की बात–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर स्थित निरंजन धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस अवसर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी 'मिशन शक्ति सैट' पहल का उल्लेख किया है, जिसमें छत्तीसगढ़ की महिमा राजपूत भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने महिमा को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश की बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' में बस्तर ओलंपिक, मल्हार के प्राचीन ताम्रपत्र और काले हिरण संरक्षण जैसे छत्तीसगढ़ के प्रयासों का उल्लेख प्रदेश के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'हर घर

तिरंगा' अभियान के प्रति देशवासियों के उत्साह की सराहना की और कहा कि तिरंगे के साथ आठ करोड़ से अधिक सेल्फी अपलोड होना राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री–नारी शक्ति सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रायपुर में राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित नारी शक्ति सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि नारी के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन से ही समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष को 'महतारी गौरव वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

विस्फोटक सामग्री–बरामद

बस्तर संभाग के सुकमा, नारायणपुर और बीजापुर जिलों में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा डंप किए गए हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की है

सुकमा जिले के कोंटा थाना क्षेत्र में आज बेलपोच्चा से गोमपाड़ मार्ग के पास जंगल और पहाड़ी इलाके में जिला पुलिस बल, डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के जवानों ने संयुक्त सर्चिंग अभियान चलाया। इस दौरान आठ किलो वजनी दो टिफिन बम सहित चार बंडल कोडेक्स वायर, दस डेटोनेटर, सत्रह जिलेटिन, फ्यूज वायर और बिजली के तार बरामद किए गए।

वहीं, नारायणपुर जिले में जिला पुलिस बल और बीएसएफ की संयुक्त टीम ने कल अदनार के जंगल में सर्चिंग के दौरान माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए डंप से दस राइफल, दो बैरल ग्रेनेड लॉन्चर, तेरह बीजीएल शेल, सोलह कारतूस और करीब दो किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया है।

इसी तरह, बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने कल थाना बासागुड़ा और डीआरजी की संयुक्त टीम ने ग्राम पेगड़ापल्ली के जंगल क्षेत्र से नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। कार्रवाई के दौरान एक संदिग्ध नक्सली सदस्य को भी गिरफ्तार किया गया है।

नीट पीजी–परीक्षा

देशभर में आज कड़ी सुरक्षा और निगरानी के बीच नीट–पीजी परीक्षा आयोजित की गई। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड के मुताबिक परीक्षा छत्तीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के तीन सौ उनतालीस शहरों में एक हजार एक सौ ग्यारह केंद्रों पर आयोजित हुई। इस परीक्षा में दो लाख पैंसठ हजार से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए। हालांकि, जयपुर के सीतापुरा स्थित दो परीक्षा केंद्रों पर तकनीकी व्यवधान के कारण दो हजार चार सौ पैंतालीस उम्मीदवारों की परीक्षा पूरी नहीं हो सकी। इन उम्मीदवारों के लिए पांच सितंबर को जयपुर में पुनर्परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र और अन्य निर्देश संबंधित उम्मीदवारों को अलग से बताए जाएंगे।

नेपाल–बाढ़

नेपाल में अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर सात सौ अड़सठ हो गई है। आपदा के पांचवें दिन भी दो हजार पांच सौ से अधिक लोग लापता हैं। बचाव दल लापता लोगों की तलाश और फंसे हुए लोगों को निकालने में जुटे हैं। नेपाल सरकार ने भोटेकोशी नदी में बाढ़ को लेकर अलर्ट जारी किया है।

वहीं, छत्तीसगढ़ सरकार नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद लापता लोगों की सुरक्षित वापसी के लिए विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास के संपर्क में है।

## भाजपा–किसान मोर्चा बैठक

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक कल इकतीस अगस्त को रायपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित की जाएगी। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू सहित वरिष्ठ नेता–कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। समापन सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं, संगठनात्मक विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की जाएगी।

## मौसम

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में आज रूक–रूक कर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। इससे कई नदी–नाले उफान पर है।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेष में कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी बारिष होने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पष्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पष्चिम बंगाल–उत्तरी ओडिषा के तटों पर कम दबाब का क्षेत्र बना हुआ है। इसके असर से प्रदेष में बदली–बारिष की स्थिति बनी हुई है। विभाग ने आगामी चौबीस घंटो के दौरान रायपुर, दुर्ग, धमतरी, बेमेतरा, बालोद, महासमुंद, गरियाबंद, बलौदाबाजार, जांजगीर–चांपा, सक्ती, सारंगढ़–बिलाईगढ़, रायगढ़ और जषपुर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

''साइबर जागृति अभियान''

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा पंद्रह अगस्त से शुरू किए गए ''साइबर जागृति अभियान'' का तीसरा सप्ताह आज से शुरू हो गया है। अभियान के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट से बचाव की जानकारी देने के साथ ही पुलिस अधिकारी बनकर की जाने वाली फर्जी कॉल के माध्यम से धमकी जैसे जोखिम से बचने के उपाय बताए जाएंगे। वहीं, बैंकिंग संबंधी जानकारी साझा करने के जोखिम और साइबर ठगी से बचाव के उपायों के प्रति भी लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

यूसीसी–बैठक

समान नागरिक संहिता–यूसीसी को लेकर रायपुर के गुरु घासीदास ऑडिटोरियम में एक सितंबर को मुस्लिम समाज की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें बुद्धिजीवियों से यूसीसी के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज ने बताया कि प्राप्त सुझावों को राज्य स्तरीय यूसीसी समिति के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

'रंग तरंग'

प्रदेश की लोक संस्कृति, पारंपरिक संगीत और आधुनिक सुरों के अनूठे संगम को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक से तीन सितंबर तक रायपुर में 'रंग तरंग' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम प्रतिदिन शाम सात बजे से महंत घासीदास संग्रहालय परिसर, सिविल लाइंस में होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के पारंपरिक लोक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुतियों के साथ ही आधुनिक संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

<><><><><><>